# रोज़गार समाचार

## सप्ताह का प्रश्न

हर साल 22 अप्रैल को 1970 में आधुनिक पर्यावरण आंदोलन के जन्म की वर्षगांठ के अवसर पर विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है. दुनियाभर के लोग सरकारों से हमारे ग्रह और उसके लोगों के लिए कदम उठाने की मांग को लेकर उठ खड़े हो रहे हैं और ग्रह के लिए अपना दायित्व निभा रहे हैं. पुराने कपड़ों के पुनश्चक्रण से लेकर प्लास्टिक के थैलों को पुनः प्रयोग के लिए बचाने तक, हर छोटे से छोटा प्रयास मायने रखता है. पृथ्वी को बचाने और अपने अपशिष्ट पदार्थों में कमी लाने में आप अपने रोजमर्रा के जीवन में किस प्रकार का योगदान कर सकते हैं.

अंग्रेज़ी/हिंदी/उर्दू में अपनी प्रविष्टियों को 27/04/2022 तक write tous.en@gmail.com पर भेजें, जो 200 से 250 शब्दों से अधिक नहीं हो. प्रविष्टियां भेजने वाले अपना नाम, उम्र, पूरा पता, ई-मेल आईडी और संपर्क नंबर का स्पष्ट उल्लेख करें. सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि को एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/रोज़गार समाचार (अंक दिनांक 7-13 मई, 2022) में प्रकाशित किया जाएगा और विजेता की इच्छा के अनुसार योजना/कुरुक्षेत्र/आजकल की प्रतियां तीन महीने तक नि:शुल्क भेजी जाएंगी.